# भारतीय विज्ञान संस्थान

बेंगलुरू 560 012, (भारत)

टेलीफैक्स : 080-23600757, फोन : 22932440/444

ई-मेल : registrar@iisc.ac.in recruitment.council@iisc.ac.in

## विज्ञापन सं. नं. आर(आईए)308-2018/ दिनांक : 15.06.2018

उच्चतर शिक्षा तथा विज्ञान एवं अभियान्त्रिकी के क्षेत्र में अनुसन्धान हेतु भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित भारतीय विज्ञान संस्थान ने राष्ट्र को असंख्य योगदान दिये हैं जिसमें नवीन अवसंरचना (भवन निर्माण तथा उपकरण), अनेक नवीन अन्तर-क्षेत्रीय प्रोग्राम तथा प्रतिभावान शिक्षक सम्मिलित हैं और उन्नत शिक्षा एवं अनुसन्धान में विश्व का नेतृत्व करने के लक्ष्य को प्रारम्भ किया है।यह संस्थान भारत सरकार के मानक शर्तों एवं नियमों के अनुसार प्रत्यक्ष भर्ती या विदेश सेवा आधार पर प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरे जाने वाले निम्नलिखित पदों हेतु आवेदन आमन्त्रित करता है।

| क्रम सं. | पद का नाम | इकाई | रिक्तियों की संख्या | | | | | आयु सीमा (विज्ञापन की अन्तिम तिथि को) | वेतनमान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अना. | अ. जा. | अ. ज. जा. | अ.पि.व. | कुल | | |
| 01. | उप रजिस्ट्रार | प्रशासन | 01 | - | - | 01 | 02 | 50 वर्ष | 7वें वेतन आयोग में लेवल-12 |
| 02. | सहायक रजिस्ट्रार | प्रशासन, खेल, सुरक्षा | 04 | 02 | - | 1 बैकलॉग सहित 04 | 10 | 45 वर्ष | 7वें वेतन आयोग में लेवल-10 |
| 03. | उप-परियोजना अभियन्ता (विद्युत) | परिसर प्रबन्धन तथा विकास | 01 | | | | 01 | 50 वर्ष | 7वें वेतन आयोग में लेवल-12 |
| 04. | सहायक परियोजना अभियन्ता (सिविल) | परिसर प्रबन्धन तथा विकास | 01 | | | 01 | 02 | 45 वर्ष | 7वें वेतन आयोग में लेवल-10 |
| 05. | साइट अभियन्ता (सिविल), | चल्लकेरे कैम्पस | 01 | | | | 01 | 45 वर्ष | 7वें वेतन आयोग में |

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | चल्लकेरे कैम्पस | | | | | | | | | लेवल-10 |

**<u>निर्धारित न्यूनतम योग्यता / अनुभव :</u>**

1. उप रजिस्ट्रार :

**<u>योग्यताएँ :</u>**
न्यूनतम 55% अंकों अथवा इसके समकक्ष ग्रेड सहित पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री।

**<u>अनुभव :</u>**
सरकारी/पीएसयू/सरकारी अनुसन्धान प्रतिष्ठान/विश्वविद्यालय/वैधानिक संगठन में 7वें वेतन आयोग लेवल-10 अथवा इसके समकक्ष में 5 वर्ष का प्रशासनिक अनुभव।

**<u>वांछनीय :</u>**

i) प्रबन्धन/विधि के क्षेत्र में व्यावसायिक योग्यता

ii) प्रशासनिक/वैधानिक/वित्त/भण्डार एवं क्रय/प्रतिष्ठान मामलों के नियन्त्रण का अनुभव।

iii) प्रशासन तथा वित्त के क्षेत्र में ई आर पी सक्रिय कार्य परिवेश में कार्य का अनुभव।

iv) ई आर पी क्रियान्वयन का अनुभव।

2. **<u>सहायक रजिस्ट्रार :</u>**

**<u>शैक्षिक योग्यता :</u>**

उत्कृष्ट शैक्षिक रिकार्ड सहित न्यूनतम 55% अंकों या इसके समतुल्य सहित पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री।

**<u>अनुभव :</u>**

उच्चतर शिक्षा के शैक्षिक संस्थान अथवा सरकारी/अर्द्ध सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र/स्वायत्त संस्थान में सम्बद्ध क्षेत्र में 8 वर्ष के पर्यवेक्षण का अनुभव। 8 वर्षों में 5 वर्ष का अनुभव लेवल-7 अथवा इसके समतुल्य ग्रेड में होना चाहिए।

तथापि मास्टर डिग्री सहित लेवल-7 या इससे अधिक में प्रशासनिक/सचिवीय पदों में संस्थान में न्यूनतम 8 वर्षों से कार्यरत अभ्यर्थी इन पदों पर आवेदन करने के पात्र हैं। [आयु सीमा प्रयोज्य नहीं है]

**<u>वांछनीय :</u>**

i) प्रबन्धन/विधि के क्षेत्र में व्यावसायिक योग्यता

ii) प्रशासनिक/विधि/वित्त/भण्डार एवं क्रय/प्रतिष्ठान/जन-सम्पर्क के नियन्त्रण का अनुभव।

iii) ई आर पी सक्रिय कार्य परिवेश का अनुभव।

iv) ई आर पी क्रियान्वयन का अनुभव।

**<u>सहायक रजिस्ट्रार (सुरक्षा) :</u>**

**<u>शैक्षिक योग्यता :</u>**

उत्कृष्ट शैक्षिक रिकार्ड सहित न्यूनतम 55% अंकों या इसके समतुल्य सहित पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री।

**अनुभव :**

थल सेना/नौ सेना/वायु सेना/पुलिस/अर्द्ध सैनिक बल में पर्यवेक्षण क्षमता का 8 वर्ष का अनुभव जिसमें से स्थायी पद पर न्यूनतम 5 वर्ष लेवल-7 अथवा इसके समकक्ष ग्रेड का अनुभव होना चाहिए।

उत्तम स्वास्थ्य, शारीरिक रूप से सक्रिय तथा मोटर साइकिल और मोटर कार चलाने की योग्यता तथा बन्दूक आदि चलाने की क्षमता हो।
तथापि मास्टर डिग्री सहित सातवें वेतन आयोग के लेवल-7 या इससे अधिक में सुरक्षा में 8 वर्षों से कार्यरत संस्थान के कर्मचारी इन पदों पर आवेदन करने के पात्र हैं। [आयु सीमा प्रयोज्य नहीं है]

**सहायक रजिस्ट्रार (खेल) :**

**शैक्षिक योग्यता :**

किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से खेल में डिप्लोमा सहित किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 55% अंकों अथवा समतुल्य ग्रेड सहित शारीरिक शिक्षा में पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री।

अथवा

न्यूनतम 55% अंकों अथवा समतुल्य ग्रेड सहित मास्टर्स डिग्री और खेल में विश्वविद्यालय या राज्य का नेतृत्व किया हो।

**अनुभव :**

किसी सरकारी/अर्द्ध सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र/स्वायत्त संस्थान अथवा उच्चतर शिक्षा के शैक्षिक संस्थान में सम्बद्ध क्षेत्र का 8 वर्ष का अनुभव। 8 वर्षों में 5 वर्ष का अनुभव 7वें वेतन आयोग-लेवल-7 अथवा इसके समतुल्य ग्रेड में होना चाहिए।

**वांछनीय :**

i) खेल एवं स्पोर्ट्स में भारी संख्या में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित करने की क्षमता का प्रदर्शन किया हो।
ii) एयरोबिक्स, तैराकी तथा योग जैसे व्यायामों में दक्षता।
iii) राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मेडल जीतने वालों को वरीयता दी जायेगी।

**3. उप परियोजना अभियन्ता (विद्युत) :**

**शैक्षिक योग्यता :**

55% अंकों सहित इलेक्ट्रिकल इंजीनियरी में एम.ई./एम.टेक.।

**अनुभव :**

7वें वेतन आयोग स्तर-10 अथवा इसके समकक्ष में सरकारी/अर्द्ध सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र/स्वायत्त संगठन अथवा उच्चतर शिक्षा के शैक्षिक संस्थान में ए पी ई अथवा समकक्ष पद के रूप में 8 वर्ष का अनुभव।

**वांछनीय :**

बड़े कैम्पसों में निर्माण तथा रखरखाव के क्रियान्वयन का अनुभव।

**4. सहायक परियोजना अभियन्ता (सिविल) :**

**<u>शैक्षिक योग्यता :</u>**

60% अंकों सहित सिविल इंजीनियरी में बी.ई./बी.टेक.

**<u>अनुभव:</u>**

स्तर-7 अथवा इसके समकक्ष ग्रेड में सरकारी/अर्द्ध सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र/स्वायत्त संगठन अथवा उच्चतर शिक्षा के शैक्षिक संस्थान में सम्बद्ध क्षेत्र में ए ई के रूप में 8 वर्ष का अनुभव।

तथापि बी.ई./बी.टेक. डिग्री धारी न्यूनतम 8 वर्षों तक सहायक अभियन्ता के रूप में कार्यरत और उत्कृष्ट सेवा रिकार्ड वाला संस्थान का कर्मचारी आवेदन कर सकता है। [आयु सीमा प्रयोज्य नहीं है]

**<u>वांछनीय :</u>**

बड़ी निर्माण परियोजनाओं के नियन्त्रण का अनुभव तथा कम्प्यूटर-एडेड डिजाइन (कैड) तथा आधुनिकतम प्रबन्धन तकनीक/अन्य प्रासंगिक सॉफ्टवेयर एप्लीकेशनों का ज्ञान वांछनीय है।

5. **<u>साइट अभियन्ता (सिविल), चल्लाकेरे कैम्पस :</u>**

**<u>शैक्षिक योग्यता :</u>**

60% अंकों सहित सिविल इंजीनियरी में बी.ई./बी.टेक.

**<u>अनुभव:</u>**

स्तर-7 अथवा इसके समकक्ष ग्रेड में सरकारी/अर्द्धसरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र/स्वायत्त संगठन अथवा उच्चतर शिक्षा के शैक्षिक संस्थान में सम्बद्ध क्षेत्र में ए ई के रूप में 8 वर्ष का अनुभव।

तथापि बी.ई./बी.टेक. डिग्रीधारी न्यूनतम 8 वर्षों तक सहायक अभियन्ता के रूप में कार्यरत और उत्कृष्ट सेवा रिकार्डवाला संस्थान का कर्मचारी आवेदन कर सकता है। [आयु सीमा प्रयोज्य नहीं है]

**<u>वांछनीय :</u>**

बड़ी निर्माण परियोजनाओं के नियन्त्रण का अनुभव तथा कम्प्यूटर-एडेड डिजाइन (कैड) तथा आधुनिकतम प्रबन्धन तकनीक/अन्य प्रासंगिक सॉफ्टवेयर एप्लीकेशनों का ज्ञान वांछनीय है।

चयनित अभ्यर्थियों को परिसर में ही रहना होगा और चल्लकेरे के समस्त अवसंरचनात्मक पहलुओं का निरीक्षण करना होगा। यह पद बेंगलुरू के मुख्य परिसर में स्थानान्तरित नहीं किया जा सकता है।

**<u>नियम एवं शर्तें :</u>**

1. सहायक रजिस्ट्रार (सुरक्षा) तथा सहायक रजिस्ट्रार (खेल) को छोड़कर उप रजिस्ट्रार के पद तथा सहायक रजिस्ट्रार के पद दिव्यांग व्यक्तियों जैसे शारीरिक दिव्यांगता/लोको मोटर दिव्यांगता/सेरेब्रल पैल्सी से प्रभावित एक पैर (दायाँ या बायाँ) अथवा एक हाथ प्रभावित (दायाँ या बायाँ) (ओ ए) अथवा नेत्रहीन (बी) या न्यून दृश्यता (एल वी) एवं बधिर लोगों के लिए भी उपयुक्त हैं।

2. उप परियोजना अभियन्ता (विद्युत) का पद भी दिव्यांग व्यक्तियों जैसे शारीरिक दिव्यांगता/लोको मोटर दिव्यांगता/सेरेब्रल पैल्सी से प्रभावित एक पैर (दायाँ या बायाँ) (ओ एल) एवं बधिर लोगों के लिए भी उपयुक्त हैं।
3. सहायक परियोजना अभियन्ता (सिविल) तथा साइट अभियन्ता, चल्लकेरे परिसर के पद भी दिव्यांग व्यक्तियों जैसे शारीरिक दिव्यांगता/लोको मोटर दिव्यांगता/सेरेब्रल पैल्सी से प्रभावित एक पैर (दायाँ या बायाँ) (ओ एल) अथवा एक हाथ प्रभावित (दायाँ या बायाँ) (ओ ए) एवं बधिर लोगों के लिए भी उपयुक्त हैं।
4. शारीरिक दिव्यांग, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए संस्थान में प्रयोज्य भारत सरकार के मानकों के अनुसार आयु सीमा में छूट प्रयोज्य है।
5. अभ्यर्थी भारत का नागरिक होना चाहिए।
6. ये पद 2 वर्ष की परिवीक्षा अवधि सहित नियमित आधार पर हैं।
7. संस्थान के कैडर एवं भर्ती नियमों के अनुसार, जहाँ कहीं भी भर्ती का प्रावधान सीधी भर्ती के रूप में है, इन पदों को निदेशक के विशेषाधिकार के तहत प्रतिनियुक्ति या अनुबन्ध आधार पर भी भरा जा सकता है।
8. अभ्यर्थी केवल ऑनलाइन आवेदन करें। किसी भी प्रकार से अपूर्ण आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा। कागजी आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।
9. केन्द्र/राज्य सरकारों अथवा राष्ट्रीय महत्त्व के संस्थान या विश्वविद्यालय/विश्वविद्यालय स्तर के संस्थान या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के निम्नलिखित योग्यता वाले अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति पर विचार किया जा सकता है :
    i) समवृत्ति पद धारक, तथा/अथवा
    ii) सीधी भर्ती हेतु निर्धारित शैक्षिक योग्यता तथा अनुभव रखने वाले।
10. निर्धारित योग्यताएँ एवं अनुभव न्यूनतम हैं और इन योग्यताओं के होने मात्र से अभ्यर्थी साक्षात्कार में बुलाये जानेका अधिकारी नहीं हो जाता है। संस्थान के पास योग्यता तथा/अथवा अनुभव के आधार पर एक सीमित संख्या में साक्षात्कार हेतु अभ्यर्थियों की संख्या में कटौती करने का अधिकार सुरक्षित है।
11. **उप रजिस्ट्रार के पद का चयन लिखित परीक्षा, सामूहिक परिचर्चा एवं साक्षात्कार के आधार पर किया जायेगा।**
12. **सहायक रजिस्ट्रार पद हेतु चयन लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के आधार पर होगा।**
13. **अन्य पदों हेतु चयन साक्षात्कार के माध्यम से होगा। किन्तु, संस्थान को आवश्यकतानुसार लिखित परीक्षा संचालित कराने का अधिकार है।**
14. उप रजिस्ट्रार पद के साक्षात्कार हेतु बुलाये गये अभ्यर्थियों को चयन समिति के सम्मुख लगभग 15 मिनट का एक प्रेजेंटेशन देना होगा।

15. सभी अभ्यर्थियों को वर्तमान नियोक्ताओं से अनापत्ति प्रमाणपत्र लेकर उसे ऑनलाइन अपलोड करना होगा। फिर भी, अनापत्तिप्रमाण पत्र रहित आवेदनों पर भी विचार किया जायेगा बशर्ते अभ्यर्थी हस्ताक्षरित शपथ पत्र अपलोड करे कि वह साक्षात्कार के समय अनापत्तिप्रमाण पत्र प्रस्तुत कर देगा।
16. 31 जुलाई, 2018 तक उप रजिस्ट्रार एवं उप परियोजना अभियन्ता के पद हेतु अभ्यर्थी की आयु 50 वर्ष से अधिकत था सहायक रजिस्ट्रार, सहायक परियोजना प्रबन्धक एवं साइट अभियन्ता की आयु 45 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। फिर भी, भारत सरकार के मानदण्डों के अनुसार दिव्यांगों तथा आरक्षित श्रेणियों को आयु सीमा तथा योग्यता में छूट प्रदान की जायेगी।
17. अन्तिम तिथि की प्रतीक्षा न करके आवेदनों को पहले ही जमा करना उचित होगा।
18. साक्षात्कार में शामिल करने के लिए बुलावा पत्र केवल छंटनी किये गये अभ्यर्थियों के पास मेल द्वारा भेजा जायेगा। अभ्यर्थी अपनी पंजीकृत मेल नियमित रूप से जाँचते रहें। जिन अभ्यर्थियों का चयन नहीं हुआ/ साक्षात्कार के लिए नहीं बुलाया गया है उन से कोई पत्राचार नहीं किया जायेगा।
19. संस्थान के पास बिना कोई कारण बताए किसी आवेदन को निरस्त करने का अधिकार है। संस्थान के पास प्रशासनिक कारणों से किसी भी चरण में विज्ञापन/भर्ती निरस्त करने का अधिकार है। इस सम्बन्ध में किसी पत्राचार पर विचार नहीं किया जायेगा।
20. साक्षात्कार हेतु बाहर से आनेवाले अभ्यर्थियों को कार्यस्थल/आवास से बेंगलुरू तक तथा बेंगलूरू से वापसी का न्यूनतम मार्ग का किराया टिकट प्रस्तुत करने पर प्रदान किया जायेगा।
21. 1 जनवरी, 2004 को या इसके पश्चात संस्थान की सेवा में शामिल होनेवाले अभ्यर्थियों को नयी पेंशन योजना में कवर किया जायेगा। फिर भी, जिन कर्मचारियों ने 31.12.2003 से पूर्व सेवा प्रारम्भ की है तथा जिनका नियन्त्रण सीसीएस (पेंशन) नियम, 1972 द्वारा किया गया है-वे भारत सरकार द्वारा निर्धारित शर्तों को पूरा करने के आधार पर जीपीएफ-सह-पेंशन के पात्र होंगे।
22. संस्थान के पास सेवा के दौरान किसी भी समय पूर्व वृत्त अथवा दस्तावेजों के सत्यापन करने का अधिकार है। यदि यह पाया गया कि अभ्यर्थी द्वारा जमा किये गये दस्तावेज उचित नहीं हैं तो उसकी सेवाएँ समाप्त कर दी जायेंगी और अनुशासनात्मक/ आपराधिक कार्यवाही की जायेगी।
23. इच्छुक अभ्यर्थियों से निवेदन है कि वे संस्थान के पोर्टल https://iisc.ac.in/positions-open/fill-in application पर जायें और शैक्षिक योग्यता, आयु, समुदाय, दिव्यांगता, अनुभव, अनापत्ति प्रमाणपत्र तथा अन्य, यदि कोई हो, के समर्थक प्रमाणपत्रों को 31 जुलाई, 2018 से पूर्व अपलोड करें।

15 जून, 2018 रजिस्ट्रार